# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549

e-mail : dnpggkp@gmail.com

website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 12.01.2026

# प्रकाशनार्थ

## महाविद्यालय व सुपर फास्ट टाइम्स के बीच हुआ एम.ओ.यू, छात्रों को मिलेगा मीडिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण

**दिनांक 12.01.2026 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय और राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक सुपर फास्ट टाइम्स के बीच शैक्षणिक एवं मीडिया सहयोग को लेकर सोमवार, 12 जनवरी को समझौता ज्ञापन (एमओयू) संपन्न हुआ।** यह एम.ओ.यू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह और सुपर फास्ट टाइम्स के क्षेत्रीय संपादक शाश्वत राम तिवारी के बीच किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के आईक्यूऐसी समन्वयक प्रो० परीक्षित सिंह वरिष्ठ आचार्य गण तथा मीडिया जगत से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**समझौते के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों को पत्रकारिता, समाचार लेखन, फीचर राइटिंग, संपादन, कंटेंट निर्माण, संवाद कौशल और मीडिया के व्यावहारिक पक्षों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।** इसके साथ ही विद्यार्थियों को समाचार पत्र की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने के लिए इंटर्नशिप के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे छात्रों को वास्तविक मीडिया वातावरण में काम करने का अनुभव प्राप्त होगा और उनके रोजगारपरक कौशल का विकास हो सकेगा।

**प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि** वर्तमान समय में शिक्षा के साथ व्यवहारिक ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। मीडिया संस्थान के साथ यह समझौता विद्यार्थियों को अकादमिक अध्ययन के साथ–साथ व्यावसायिक दक्षता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस पहल से विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति क्षमता, सामाजिक समझ और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सुपर फास्ट टाइम्स के क्षेत्रीय संपादक शाश्वत राम तिवारी ने कहा कि** समाचार पत्र का उद्देश्य केवल सूचनाओं का संप्रेषण नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदार और सकारात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा देना है। शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग के माध्यम से नई पीढ़ी को पत्रकारिता के मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक सरोकारों से जोड़ना इस एमओयू का प्रमुख लक्ष्य है।

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं अतिथियों ने इस सहयोग को छात्रहित में एक दूरदर्शी पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास विद्यार्थियों को नई संभावनाओं से जोड़ने के साथ–साथ उच्च शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाने में भी सहायक सिद्ध होंगे।

**(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह**

प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क